
# नक्सलवाद के पूर्ण उन्मूलन की समयसीमा तय

## अमित शाह की अध्यक्षता में रायपुर में उच्चस्तरीय बैठक, डबल इंजन सरकार से हो रहा विकास

### ▸ नक्सलवाद के खात्मे पर निर्णायक मंथन



**रायपुर, 08 फरवरी। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के पूर्ण खात्मे को लेकर निर्णायक दौर की शुरुआत हो चुकी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में कल रायपुर स्थित मेफेयर होटल में वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित राज्यों के पुलिस अधिकारियों के साथ एक अहम उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई.**

बैठक में इंटेलिजेंस इनपुट्स की गहन समीक्षा के साथ नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था, चल रहे अभियानों की प्रगति और आगे की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। नक्सलवाद के पूर्ण उन्मूलन की तय समयसीमा 31 मार्च 2026 है, जिसमें अब केवल 51 दिन शेष हैं।

ऐसे में यह बैठक बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। माना जा रहा है कि यह 31 मार्च से पहले रणनीतिक दृष्टि से आखिरी बड़ी बैठक हो सकती है। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, गृह मंत्री विजय शर्मा, सभी नक्सल प्रभावित राज्यों के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) सहित केंद्र और राज्य स्तर के शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे। बैठक का फोकस नक्सल विरोधी अभियानों में समन्वय, सुरक्षा बलों की तैनाती और प्रभावी संयुक्त कार्रवाई पर रहा।

गौरतलब है कि नक्सलवाद के खात्मे की यह डेडलाइन स्वयं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा घोषित की गई थी। इसके बाद से छत्तीसगढ़ सहित अन्य नक्सल प्रभावित राज्यों में सुरक्षा बलों द्वारा लगातार सघन अभियान चलाए जा रहे हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

### बैठक के बाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर ट्वीट कर कहा- जो छत्तीसगढ़ कभी नक्सली हिंसा का गढ़ था, भाजपा की डबल इंजन सरकार में विकास का पर्याय बन चुका है। यहां के युवा स्पोर्ट्स, फॉरेंसिक व टेक्निकल एजुकेशन को गति देते हुए अपनी संस्कृति व परंपराओं को भी सहेज रहे हैं। आज रायपुर में छत्तीसगढ़ में विभिन्न विकास कार्यों पर समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी बैठक को नक्सलवाद के विरुद्ध निर्णायक कदम बताते हुए कहा, माननीय केंद्रीय गृह मंत्री जी, आपकी अध्यक्षता में आज नवा रायपुर में आयोजित एलडब्ल्यूई सुरक्षा समीक्षा बैठक नक्सलवाद के विरुद्ध निर्णायक प्रगति का सशक्त संकेत है.

# शुरू होगी नारियल संवर्धन योजना : शिवराज



**बेंगलूर, 08 फरवरी. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार नारियल के बागानों के विकास और दलहन की पैदावार को बढ़ाने के लिए नए कदम उठा रही है। शिवराज चौहान ने रविवार को यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि नारियल कर्नाटक की विशेष पहचान है.**

लेकिन बीते समय में नारियल बागानों पर रोग और वायरस का असर बढ़ा है। कई पेड़ और बागान बहुत पुराने हो चुके हैं, जिससे उनकी पैदावार कम हो गई है। इस चुनौती को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार नारियल संवर्धन योजना प्रारंभ करने जा रही है। इस योजना के अंतर्गत पुराने और कम उपज देने वाले नारियल के पेड़ों की जगह बेहतर उपज देने वाले नए पौधों का रोपण किया जाएगा। कर्नाटक में दलहन पैदावार बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार पल्स मिशन के अंतर्गत 25 बीज गांव विकसित करने के लिए पूरा सहयोग देगी। यही नहीं दलहन पैदावार वाले क्षेत्रों में 35 दाल मिलें स्थापित करने के लिए प्रति दाल मिल 25 लाख रूपये की सब्सिडी दी जाएगी।

### 25 लाख की सब्सिडी

दलहन मिशन के अंतर्गत कर्नाटक को 191 करोड़ रूपये जारी कर दिए गए हैं और जल्द ही 154 करोड़ रूपये की राशि भी जल्द भेजी जाएगी। किसान राजनीति से ऊपर हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हम कर्नाटक के किसानों की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे. गौरतलब है कि कर्नाटक भारत में दलहन उत्पादन के मामले में एक प्रमुख राज्य है, विशेष रूप से अरहर और चना के क्षेत्र में इसका स्थान शीर्ष राज्यों में आता है। कर्नाटक अरहर का देश में दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। वित्त वर्ष 2024-25 में कर्नाटक का कुल राष्ट्रीय अरहर उत्पादन में लगभग 27.78 प्रतिशत हिस्सा रहा.

## एक नजर में

### थाईलैंड में रविवार को आकस्मिक चुनाव

**थाईलैंड, 08 फरवरी।** थाइलैंड के नागरिक रविवार को संसद के निचले सदन के 500 सदस्यों को चुनने के लिए मतदान करेंगे और नये संविधान के पक्ष या विपक्ष में वोट देंगे। थाई प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नविराकुल ने दिसंबर में संसद को भंग करने की मांग की थी। प्रधानमंत्री के आदेश के लागू होने के 45 दिन से पहले और 60 दिन के बाद नये आम चुनाव नहीं कराने थे। चुनावों के बाद, प्रधानमंत्री का चुनाव उम्मीदवार के लिए डाले गये कम से कम 251 वोटों की साधारण संसदीय बहुमत से होगा। इन चुनावों में तीन बड़ी पार्टियों मुख्य विपक्षी पार्टी फ्यू थाई पार्टी, सत्ताधारी भुमजैथाई पार्टी और पीपुल्स पार्टी के बीच मुकाबला होने की उम्मीद है। संविधान को लेकर मतसंग्रह में नागरिकों से कहा गया है कि वे मौजूदा 2017 के संविधान को बदलने के लिए हां या ना में मत करें। बड़ी राजनीतिक पार्टियों ने इस संविधान के पुराना होने के कारण इसकी आलोचना की है।

### जापान में आम चुनाव रविवार को

**जापान, 08 फरवरी।** जापान के 465 सीटों वाले निचले सदन की बनावट तय करने के लिए संसदीय चुनाव रविवार होंगे। जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी और उनकी गठबंधन साझेदार जापान इनोवेशन पार्टी संसद में मजबूत बहुमत हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। अगर गठबंधन कम से कम 261 सीटें जीतता है, तो उसके पास पूरी तरह से स्थिर बहुमत होगा, जिससे संसदीय समितियों पर उसका काबू हो जाएगा। मौसम के हालात मतदान पर असर डाल सकते हैं, क्योंकि 1990 के बाद यह पहला सर्दियों के बीच का चुनाव है, जिसमें उत्तरी और पश्चिमी जापान के कुछ हिस्सों में रिकॉर्ड बर्फबारी हुई है।

### भजनलाल ने भड़ाना को दी श्रद्धांजलि

**खैरथल-तिजारा 08 फरवरी।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को खैरथल-तिजारा जिले में पूर्व मंत्री हेम सिंह भ?ाना को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री शर्मा ने जिले के बघेरी कलां गांव में श्री भ?ाना के निवास पहुंचकर उनके निधन पर शोक व्यक्त किया और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री भ?ाना का सार्वजनिक जीवन, जनसेवा के प्रति उनका समर्पण तथा समाज के लिये किया गया योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनका निधन अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा, विधायक देवी सिंह शेखावत, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर तथा अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मैरी कॉम और द फैमिली मैन के लिए मशहूर अभिनेता सुनील थापा का निधन काठमांडू, 08 फरवरी। मेरी कॉम और द फैमिली मैन जैसी फिल्मों में यादगार भूमिकाओं के लिए मशहूर अभिनेता सुनील थापा का शनिवार को यहां 68 वर्ष की आयु में निधन हो गया। थापा को बेहोशी की हालत में काठमांडू के नॉर्विक अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। ईसीजी के बाद डॉक्टरों ने उनकी मृत्यु की पुष्टि की।

### जानलेवा हमले के बाद हिरासत में आरोपी

**मॉस्को, 08 फरवरी।** रूस की संघीय सुरक्षा सेवा ने रविवार को बताया कि उसने एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी की हत्या की कोशिश के मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि संदिग्धों ने रूस की सैन्य खुफिया एजेंसी के उप-प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल व्लादिमीर अलेक्सेयेव को मारने की कोशिश की थी, जिन्हें शुक्रवार को उत्तर-पश्चिम मॉस्को में एक रिहायशी इमारत के अंदर कई गोलियां मारी गयी थीं। बयान में कहा गया कि एक संदिग्ध को उसके साथी की मदद से संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में हिरासत में लिया गया और रूसी अधिकारियों को सौंप दिया गया। दूसरे को मॉस्को में हिरासत में लिया गया। एजेंसी ने बताया कि तीसरा संदिग्ध यूक्रेन भाग गया। सभी संदिग्ध रूसी नागरिक हैं.

### सैनिकों को वापस बुलाने का लिया निर्णय

**जोहान्सबर्ग, 08 फरवरी।** दक्षिण अफ्रीका ने लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो (डीआरसी) में संयुक्त राष्ट्र संघ स्थिरीकरण मिशन (मोनुस्को) से अपने सैनिकों को वापस बुलाने का निर्णय लिया है। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति कार्यालय ने रविवार को एक बयान में बताया कि दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने 12 जनवरी को फोन पर हुई बातचीत के दौरान संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को इस निर्णय की जानकारी दी। उन्होंने उल्लेख किया कि यह निर्णय दक्षिण अफ्रीका की शांति सेना की प्रतिबद्धताओं की व्यापक समीक्षा करने और दक्षिण अफ्रीका की रक्षा संसाधनों को मजबूत एवं पुनर्गठित करने की आवश्यकता के बाद लिया गया है। बयान में कहा गया है कि दक्षिण अफ्रीका पिछले 27 वर्षों से मोनुस्को में अपने सैनिक भेज रहा है और वर्तमान में इस मिशन के हिस्से के रूप में लगभग 700 सैनिकों की तैनाती है.

# अमेरिका गंभीर हुआ तो परमाणु वार्ता जारी रहेगी : अब्बास

## वार्ता के बारे में अराघची ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह टिप्पणी की



**तेहरान, 08 फरवरी। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने रविवार को कहा कि अगर अमेरिका ईरान मामले में गंभीरता दिखाता है तो उनका देश वार्ता को जारी रखेगा.**

ईरान की आधिकारिक संवाद समिति इरना के अनुसार ओमान की राजधानी मस्कट में शुक्रवार को ईरानी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों के बीच हुई अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के बारे में श्री अराघची ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह टिप्पणी की। ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि कुछ ऐसे संकेत मिले हैं जो बताते हैं कि अमेरिका गंभीर है, जबकि अन्य ऐसे संकेत भी देखे गए हैं जो उसके दृढ़ संकल्प को कमजोर करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान के खिलाफ प्रतिबंधों का जारी रहना और पश्चिम एशिया क्षेत्र में कुछ सैन्य गतिविधियाँ अमेरिका की गंभीरता और तत्परता पर संदेह पैदा करती हैं। श्री अराघची ने कहा कि ईरान सभी संकेतों की एक साथ निगरानी और मूल्यांकन करेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष बातचीत समझौता करने में कोई बाधा नहीं है।

उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि बातचीत की विषयवस्तु से संबंधित मुद्दे, जैसे अमेरिका की अत्यधिक और अवास्तविक माँगें और अनुचित दावे ही असली बाधाएँ हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि यदि अमेरिका का दृष्टिकोण सम्मानजनक, निष्पक्ष और आपसी हितों की रक्षा पर आधारित है, तो समझौता करना संभव होगा। विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि ईरान यूरेनियम संवर्धन सहित शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा विकसित करने और उसका दोहन करने के अपने अधिकार को कभी नहीं छोड़ेगा.

# नरेश बाल्यान के परिवार से मिले केजरीवाल

▸ आप संयोजक बोले—अन्याय ज्यादा दिन नहीं चलता

▸ केजरीवाल का बीजेपी पर हमला, बोले—झूठे केस में जेल



**नई दिल्ली, `8 फरवरी। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को उत्तम नगर से पूर्व विधायक नरेश बाल्यान के परिवार से मुलाकात की.**

उनके आवास पर जाकर केजरीवाल ने परिवार का हौसला बढ़ाया और इसके बाद सोशल मीडिया पर भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने नरेश बाल्यान को झूठे मामलों में फंसाने का दावा करते हुए कहा कि सत्य की जीत निश्चित है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आज उत्तम नगर से पूर्व विधायक नरेश बाल्यान के परिवार से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने परिवार का हालचाल जाना और उन्हें हर संभव समर्थन का भरोसा दिलाया। मुलाकात के बाद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट साझा कर भाजपा पर तीखा हमला बोला। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा ने नरेश बाल्यान पर झूठे केस दर्ज कराकर उन्हें पिछले एक साल से जेल में बंद कर रखा है। इसके बावजूद नरेश बाल्यान का हौसला चट्टान की तरह मजबूत है और उनका परिवार तथा स्थानीय आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता पूरी मजबूती से उनके साथ खड़े हैं.

# व्यापार समझौते को देश की संप्रभुता पर हमला बताया

**नई दिल्ली, `8 फरवरी। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने रविवार को नये भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की कड़ी आलोचना की और केंद्र सरकार पर अमेरिका को बड़ी छूट देने का आरोप लगाया.**

पार्टी का मानना है कि इससे भारत की अर्थव्यवस्था, कृषि और राष्ट्रीय संप्रभुता को नुकसान पहुंचेगा। माकपा पोलित ब्यूरो ने बयान जारी कर आरोप लगाया कि तथाकथित अंतरिम व्यापार समझौते में अमेरिकी कृषि आयातों पर शून्य शुल्क लगाने की प्रतिबद्धता शामिल है,

जिसमें फल, कपास, मेवा, सोयाबीन तेल और दूसरे खाने के सामान शामिल हैं। पार्टी ने चेतावनी दी कि ऐसे कदमों से कई राज्यों के किसानों की रोजी-रोटी पर बुरा असर पड़ेगा। बयान में कहा गया, सार्वजनिक रूप से उपलब्ध आंशिक जानकारी के अनुसार, भारतीय सरकार ने अमेरिकी कृषि उत्पादों के निर्यात पर कोई शुल्क न लगाने पर सहमति व्यक्त की है। यह निर्णय देश भर के लाखों सेब उत्पादकों, कपास और सोया किसानों की आजीविका को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचायेगा.

वामपंथी दल ने विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के सेब उत्पादकों की ओर इशारा कर कहा, वे पहले से ही न्यूजीलैंड जैसे देशों के साथ हुए व्यापार समझौतों के कारण दबाव में हैं। अमेरिका के साथ वर्तमान समझौता उनकी आजीविका को और नष्ट कर देगा।

यह भी बताया कि पहले से ही बढ़ती लागतों और कृषि संकट से जूझ रहे कपास किसान भी बुरी तरह प्रभावित होंगे। माकपा ने उन रिपोर्टों पर गहरी चिंता व्यक्त की है, जिनमें सुझाव दिया गया है कि भारत कृषि आयात पर बिना शुल्क टैरिफ बाधाओं को हटाने के लिए सहमत हो गया है। पार्टी का कहना है कि यह कदम प्रभावी रूप से घरेलू किसानों के लिए सरकारी सहायता और अनुदान वापस लेने जैसा होगा। माकपा ने तर्क दिया कि ऐसे कदमों से भारतीय कृषि, अमेरिका के भारी अनुदान वाले कृषि उत्पादों के साथ अनुचित प्रतिस्पर्धा के घेरे में आ जायेगी। इससे खेती करना तेजी से अव्यवहारिक हो जायेगा.

**आलीशान होटलों में तब्दील हो गई कई जेल-** नई दिल्ली, 08 फरवरी। कभी कठोर अनुशासन, संकरी कोठरियों और साधारण भोजन के लिए पहचानी जाने वाली जेलें अब दुनिया के कुछ हिस्सों में विलासिता, आराम और विरासत पर्यटन की अनूठी मिसाल बनती जा रही हैं. विरासत इमारतों को होटल के रूप में पुनर्जीवित करने की प्रवृत्ति के तहत कई ऐतिहासिक जेलों को पंचतारा और बुटीक होटलों में बदला जा रहा है। इस कड़ी में जापान के नारा शहर की पूर्व किशोर जेल एक नया आकर्षण बनने जा रही है। मेइजी काल में 1908 में स्थापित यह जेल 2017 तक कार्यरत रही और बाद में इसे राष्ट्रीय महत्वपूर्ण सांस्कृतिक संपत्ति घोषित किया गया।

### अंकिता को न्याय दिलाने देहरादून में हुई महापंचायत

देहरादून,08 **फरवरी.** अंकिता मामले मे वीआईपी को सजा दिलवाने और सीबीआई जांच सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज से करवाने की मांग को लेकर रविवार को अंकिता न्याय यात्रा संयुक्त संघर्ष मंच ने देहरादून के परेड ग्राउंड के निकट महापंचायत आयोजित की. जिसमें कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के घटक दलों, राज्य आंदोलनकारियों, सामाजिक और जन संगठनों से जुड़े लोग बड़ी संख्या में जुटे। इस महापंचायत में अंकिता के माता-पिता और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत भी पहुंचे। महापंचायत में शामिल हुए वहां मौजूद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अंकिता मामले की सीबीआई जांच एक पर्यावरणविद की तहरीर को आधार बनाकर करवा रहे हैं.

### आज का इतिहास

1757 - ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी और बंगाल के नवाब सिराज-उद-दौला के बीच अलीनगर की संधि हुई।

1893 -इतालवी संगीतकार ग्यूसेप वर्डी के आखिरी ओपेरा, फालस्टाफ का प्रीमियर मिलान में आयोजित किया गया।

1895 - वॉलीबॉल का खेल, जिसे शुरू में मिंटोनेट कहा जाता था, का आविष्कार 9 फरवरी को विलियम जी. मॉर्गन द्वारा किया गया था।

1897 -ब्रिटिश अभियान बल ने बेनिन शहर पर आक्रमण करके भारी लूटपाट की, तथा नाइजीरियाई साम्राज्य समाप्त हो गया।

# कार्ययोजना पर सहमत हुए भारत और कनाडा



**नई दिल्ली 8 फरवरी.भारत और मलेशिया ने राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून प्रवर्तन से जुड़े मुद्दों पर द्विपक्षीय सहयोग को दिशा देने के लिए एक साझा कार्ययोजना पर सहमति व्यक्त की है जिससे दोनों देशों की प्राथमिकताओं के अनुरूप व्यावहारिक सहयोग को सक्षम बनाया जा सके.**

दोनों देश सुरक्षा और कानून-प्रवर्तन संपर्क अधिकारियों की नियुक्ति करने पर भी सहमत हुए हैं। विदेश मंत्रालय ने रविवार शाम एक वक्तव्य जारी कर कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने शनिवार को कनाडा की राष्ट्रीय सुरक्षा और खुफिया सलाहकार नथाली ड्रुइन से मुलाकात की। यह यात्रा दोनों देशों के बीच नियमित द्विपक्षीय सुरक्षा संवाद का हिस्सा थी। मंत्रालय ने बताया कि दोनों पक्षों ने अपने-अपने देशों और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई पहलों में हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून प्रवर्तन से जुड़े मुद्दों पर द्विपक्षीय सहयोग को दिशा देने के लिए एक साझा कार्ययोजना पर सहमति व्यक्त की, जिससे दोनों देशों की प्राथमिकताओं के अनुरूप व्यावहारिक सहयोग को सक्षम बनाया जा सके।

बैठक के दौरान यह भी सहमति बनी कि दोनों देश सुरक्षा और कानून-प्रवर्तन संपर्क अधिकारियों की नियुक्ति करेंगे और उनकी संबंधित एजेंसियां आपसी कार्य संबंधों को और मजबूत करेंगी। यह महत्वपूर्ण कदम भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय संचार को सुव्यवस्थित करने और आपसी हित के मुद्दों पर समय पर सूचना साझा करने में सहायक होगा। इनमें विशेष रूप से नशीले पदार्थों के अवैध प्रवाह, खासकर फेंटेनाइल के पूर्ववर्ती रसायनों, तथा अंतरराष्ट्रीय संगठित आपराधिक नेटवर्क से जुड़े मामले शामिल हैं। दोनों पक्षों ने साइबर सुरक्षा नीति पर सहयोग को औपचारिक रूप देने तथा साइबर सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर सूचना साझा करने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। इसके अलावा, घरेलू कानूनों और अंतरराष्ट्रीय दायित्वों के अनुरूप धोखाधड़ी और आव्रजन प्रवर्तन से जुड़े सहयोग पर चर्चाएं जारी रखने पर भी सहमति बनी। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने शुक्रवार को कनाडा के लोक सुरक्षा मंत्री गैरी अनंदसंगरी से भी भेंट की।

### ओलंपिक्स के पहले दिन हुए हमले

**मिलान, 08 फरवरी।** इटली के परिवहन मंत्रालय ने बोलोन्या क्षेत्र में शीतकालीन ओलंपिक्स के पहले दिन हुई ट्रेन सेवाओं को बाधित करने वाली घटनाओं को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करार देते हुए कहा है कि ये 2024 में पेरिस ओलंपिक खेलों के उद्घाटन से ठीक पहले फ्रांस में हुए हमलों की याद दिलाती हैं। बोलोन्या क्षेत्र में रेलवे ट्रैक और उससे जुड़ी अवसंरचनाओं को नुकसान पहुंचने की कई घटनाएं सामने आयी हैं। पहली घटना शनिवार सुबह बोलोन्या-वेनिस खंड पर दर्ज की गयी, जहां क्षतिग्रस्त केबल पाए गए। इसके अलावा, बोलोन्या-पाडुआ लाइन पर एक स्विच के पास एक देसी बम (आईईडी) बरामद किया गया, जिसे निष्क्रिय कर दिया गया।

# शिक्षा से आत्मनिर्भर बनें छात्र : केरल राज्यपाल

**पुणे, 08 फरवरी। केरल के राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने छात्रों से आह्वान किया है कि वे केवल नौकरी के पीछे भागने के बजाय कौशल-आधारित शिक्षा अपनाकर आत्मनिर्भर बनें और रोजगार खोजने वाले नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वाले बनें.**

राज्यपाल अर्लेकर यहां फ्यूल एजुकेशन ग्रुप के परिसर में आयोजित वार्षिक कॉन्क्लेव एवं फ्यूचर स्किल्स समिट में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि छात्रों को व्यावहारिक कौशल अर्जित कर अपने पैरों पर खड़ा होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि नयी शिक्षा नीति ने औपनिवेशिक सोच से अलग हटकर भारत की शिक्षा और कौशल पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने पर जोर दिया है।

उन्होंने कहा कि मूल्य-आधारित नेतृत्व और सहयोगात्मक शासन मजबूत शिक्षा एवं कौशल ढांचे के निर्माण के लिए आवश्यक हैं। %स्किल इंडिया% मिशन के अनुरूप छात्रों को कौशल-उन्मुख शिक्षा के माध्यम से सशक्त होना चाहिए। इस अवसर पर फ्यूल एजुकेशन ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. केतन देशपांडे, सीओओ मयूरी देशपांडे सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.


**OFFICE OF UJJAIN DEVELOPMENT AUTHORITY**

Pradhikaran Bhawan, Bharatpuri Administrative Zone, Dewas Road, Ujjain - 456010
email- udaujjain@gmail.com, website- www.udaujjain.org

**Tender Notice**

Online tenders are invited from eligible firms for the following work. Detailed tender details can be found on the website https://mptenders.gov.in/nicgep/app

| No. | Tender number & date of issue | Name of work | Work duration & PAC | Cost of Tender Form and EMD (INR) | Last date of tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDA/ET/16/26_ DATED 05/02/2026 2026_DTCP_ 480579 1 | DEVELOPMENT WORK OF SHREE MANGALNATH TEMPLE,UJJAIN | 18 Months 99,06,27,000/- | 59000/- 49,53,135/- | 28/02/2026 17:30PM |

Note: Any amendments to the tender will be published online only on the website and will not be published separately in newspapers.

(Kuldeep Raghuwanshi)
Executive Engineer, UDA, Ujjain



**भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड**
**RESERVE BANK OF INDIA SERVICES BOARD**

विज्ञापन संख्या RBISB/BA/05/2025-26

**भारतीय रिज़र्व बैंक में नॉन सीएसजी कैडर में विभिन्न पदों पर भर्ती – पैनल वर्ष 2026**

पैनल वर्ष 2026 के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) में नॉन सीएसजी कैडर में निम्नलिखित विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्र.सं. | पद | रिक्तियां |
|---|---|---|
| 1 | ग्रेड 'बी' में विधि अधिकारी | 06 |
| 2 | ग्रेड 'बी' में प्रबंधक (तकनीकी-सिविल) | 02 |
| 3 | ग्रेड 'बी' में प्रबंधक (तकनीकी-इलेक्ट्रिकल) | 01 |
| 4 | ग्रेड 'ए' में सहायक प्रबंधक (राजभाषा) | 04 |
| 5 | ग्रेड 'ए' में सहायक प्रबंधक (शिष्टाचार एवं सुरक्षा) | 08 |
| | **कुल** | **21** |

2. पात्रता मानदंड, रिक्तियों के आरक्षण, चयन योजना, ऑनलाइन आवेदन जमा करने और अन्य अनुदेशों जैसे अन्य सभी ब्योरों के लिए, कृपया **06 फरवरी 2026** को बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर और एम्प्लॉयमेंट न्यूज़/रोजगार समाचार के दिनांक **14 फरवरी 2026** के अंक/अनुवर्ती अंक में प्रकाशित किए जाने वाले विस्तृत विज्ञापन को देखें। उपरोक्त पदों के लिए उम्मीदवार बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) के माध्यम से केवल ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**3. महत्वपूर्ण तिथियां:**

| | |
|---|---|
| **आवेदनों के ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार के भुगतान के लिए वेबसाइट का लिंक खुला रहेगा** | **06 फरवरी 2026 से 26 फरवरी 2026 (शाम 06 बजे तक)** |
| **ऑनलाइन / लिखित परीक्षा** | **14 मार्च 2026** |

**टिप्पणी:** उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में यदि कोई शुद्धिपत्र / अनुशेष जारी किया जाता है तो उसे केवल बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर प्रकाशित किया जाएगा।



**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
**(पूर्व में केपिटल फर्स्ट लिमिटेड तथा आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के संग एकीकृत)**
**(CIN: L65110TN2014PLC097792)**
**रजिस्टर्ड ऑफिस:** केआरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
**फोन:** +91 44 4564 4000, **फैक्स:** +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**सार्वजनिक सूचना**
**स्वर्ण नीलामी सह आमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लिखित उधारकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड से उसके द्वारा प्राप्त स्वर्ण आभूषण के विरुद्ध ऋण सुविधा के लिए बकाया राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया गया है. चूंकि उधारकर्ता सुविधा के तहत बकाया राशि चुकाने में विफल रहा है. हम **17/2/2026** को गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषणों की नीलामी करने के लिए बाध्य हैं. यदि इस नीलामी से कोई अधिशेष राशि प्राप्त होती है, तो उसे संबंधित उधारकर्ता को वापस कर दिया जाएगा और यदि नीलामी के बाद कोई घाटा होता है, तो शेष राशि उचित कानूनी कार्यवाही के माध्यम से उधारकर्ता से वसूल की जाएगी. आईडीएफसी फर्स्ट बैंक को बिना किसी पूर्व सूचना के निम्नलिखित खाते को नीलामी से हटाने का अधिकार है. इसके अलावा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी तिथि को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम | शाखा का नाम |
|---|---|---|
| 172684060 | रामू अहिरवार | करमेटा रूरल |
| 164285385 | हर्षित राजपूत | सिवनी मालवा रूरल |

नीलामी 17/2/2026 को दोपहर 12.00 बजे से 2.00 बजे तक https://idfcegold.auctiontiger.net के माध्यम से ऑनलाइन / 17/2/2026 को दोपहर 3.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक http://gold.samil.in के माध्यम से आयोजित की जाएगी. इस प्रकाशन के माध्यम से संबंधित उधारकर्ताओं को अंतिम सूचना और अंतिम अवसर दिया जाता है कि वे निर्धारित नीलामी तिथि से पहले सुविधा वापस ली गई राशि, सभी ब्याज और शुल्कों के साथ चुका दें, अन्यथा आभूषण की नीलामी की जाएगी. कृपया ध्यान दें कि यदि समय सीमा के कारण नीलामी उसी दिन पूरी नहीं होती है तो बैंक अगले 7 दिनों के भीतर उन्हीं नियमों और शर्तों पर गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की फिर से नीलामी करेगा.

**दिनांक- 9/2/2026, स्थान- मध्य प्रदेश**